# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (12.03.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE-12.03.2025, PAGE-06**



**सम्मान** बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय को पटना में बिहार केसरी सम्मान दिया गया। यह सम्मान जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिया।

**Ref:....................** **Date:..........................**


## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:12.03.2025, PAGE-06


### 12 नये कॉलेजों को एफिलियेशन कमेटी ने दी अस्थाई संबद्धता

# बीआरएबीयू: अगले सत्र से बढ़ जाएंगी 20 हजार सीटें

**निर्णय**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में नये सत्र से स्नातक में 20 हजार सीटें बढ़ जाएंगी। विवि में 12 नये कॉलेजों की अस्थाई संबद्धता को एफिलियेशन कमेटी ने पास कर दिया है। इसे अब एकेडमिक काउंसिल व सीनेट से पास कराकर सराकर के पास भेजा जायेगा।

बिहार विवि में अभी स्नातक की ढाई लाख सीटें हैं। 20 हजार सीटों के बढ़ जाने से दो लाख 70 हजार सीटों पर स्नातक में दाखिला लिया जायेगा। बिहार विवि में हर साल स्नातक में डेढ़ लाख छात्रों का दाखिला होता है। बीआरएबीयू में अभी 131 कालेज हैं। नये सत्र से 143 हो जाएंगे। बिहार विवि में चल रहे कई संबद्ध कॉलेजों में स्नातक के विषय भी बढ़े हैं। इससे भी सीटों की संख्या पर असर पड़ेगा। स्नातक के अलावा पीजी में भी सीटें बढ़ेंगी। कई कॉलेजों ने पीजी कोर्स खोलने का आवेदन दिया है, जिसे जांच कर पास किया जायेगा। बिहार विवि में अभी पीजी में 11 हजार सीटें हैं। नये कॉलेजों में पीजी कोर्स शुरू होने के बाद सीटों की संख्या 13 हजार तक होने की उम्मीद है।



**02** लाख 50 हजार सीटों पर स्नातक में अभी होता है दाखिला

- नये कॉलेजों के जुड़ने से स्नातक में बढ़ेंगी सीटें
- अब दो लाख 70 हजार सीटों पर स्नातक में होगा नामांकन

## बेतिया से लेकर सीतामढ़ी तक खुलेंगे कॉलेज

बिहार विवि के नये सत्र में बेतिया से लेकर सीतामढ़ी तक कॉलेज खुलेंगे। नये खुलने वाले कॉलेजों को एक सत्र के लिए अस्थायी संबद्धन देने का प्रस्ताव पास किया गया है। नये सत्र में कॉलेजों और सीटों की संख्या बढ़ जाने से इस बार पौने दो लाख छात्रों के दाखिले होने की उम्मीद है। 27 मार्च को सीनेट की बैठक में कॉलेजों के संबद्धन के प्रस्ताव पर चर्चा की जायेगी और सीनेट से पास होने के बाद अप्रैल महीने में सरकार के पास इसे भेज दिया जायेगा। सरकार से अनुमोदित होने के बाद इन कॉलेजों के नाम बीआरएबीयू के पोर्टल पर डाले जायेंगे। पोर्टल पर डालने के बाद छात्र स्नातक दाखिले के समय इन कॉलेजों का विकल्प दे सकते हैं।

**विवि में एकेडमिक काउंसिल की बैठक आज:** विश्वविद्यालय में बुधवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक होगी। बैठक में रसियन से पीजी और पीएचडी के प्रस्ताव को पास किया जायेगा। इसके अलावा बीटेक इन फूड साइंस की पढ़ाई को भी पास किया जायेगा। एकेडमिक काउंसिल में विश्वविद्यालय में पांच विभागों के खुलने के प्रस्ताव को भी पास किया जायेगा। जिन कॉलेजों को संबद्धन दिया गया है और कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स के प्रस्ताव को भी पास किया जायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 12.03.2025, PAGE-06**

# सिंडिकेट सदस्य के लिए टीचर कैटेगरी में कोई भी शिक्षक कर सकेंगे दावेदारी

## नन टीचिंग कैटेगरी में नामिनेशन करने वाले और वोटर दोनों मतदाता सूची के सदस्य होंगे

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 27 मार्च को होने वाली सीनेट की बैठक में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों का चुनाव होगा। इसमें चार पद शिक्षक कैटेगरी के लिए और चार पद नन टीचिंग कैटेगरी में निर्धारित किए गए हैं। टीचर कैटेगरी में कोई भी शिक्षक अपनी दावेदारी कर सकते हैं। उन्हें केवल मतदाता सूची में शामिल सीनेट के शिक्षक सदस्य ही वोट करेंगे। इसी तरह नन टीचिंग कैटेगरी में नामिनेशन केवल वही कर सकेंगे जिनका नाम विश्वविद्यालय की ओर से जारी सीनेट सदस्य की सूची में नन टीचिंग कैटेगरी में नाम है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी मतदाता सूची में वोटर बनाए गए शिक्षक सदस्यों की संख्या 43 है।

वहीं, वोटर बनाए गए नन टीचिंग सदस्यों की संख्या 54 है। इसमें कई सदस्य वोटिंग प्रक्रिया से अनुपस्थित रहेंगे। कारण कि इसमें कई पूर्व कुलपति समेत अन्य गणमान्य का नाम भी शामिल किया गया है। एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव किया जाना है। इसमें सीनेट के नन टीचिंग और टीचिंग सदस्य ही वोट डाल सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से पहले ही मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। सिंडिकेट के कुल आठ सदस्यों का चुनाव होना है। विश्वविद्यालय की ओर से नामिनेशन फार्म का प्रारूप मंगलवार को जारी कर दिया गया है। इसे विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर डाल दिया गया है। दावेदारी करने वाले वहां से इसे डाउनलोड कर फार्म भरते हुए रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा कराएंगे। पहले दिन सिंडिकेट सदस्य के लिए एक उम्मीदवार ने फार्म प्राप्त किया है। सीनेट की बैठक में ही एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट के सदस्यों का चुनाव होगा। इसके लिए दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परिणाम भी उसी दिन जारी होगा। बताया जा रहा है कि कई शिक्षक नेता से लेकर शिक्षक भी सिंडिकेट सदस्य के लिए दावेदारी प्रस्तुत करेंगे।

**पुराने सदस्यों से होगी सिंडिकेट की बैठक :** सीनेट की बैठक से पहले विश्वविद्यालय में दो सिंडिकेट की बैठक होगी। इसमें सिंडिकेट के पुराने सदस्य ही होंगे। साथ ही एकेडमिक काउंसिल में भी पुराने सदस्य ही होंगे। ऐसे में सीनेट के बाद होने वाली सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल की बैठक नए सदस्यों के साथ होगी।

**25** 27 मार्च को होने वाली सीनेट की बैठक में चुने जाएंगे सदस्य, 2.30 से 4.30 तक होगी वोटिंग



## अंकपत्र जारी नहीं होने से छात्र परेशान

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुजफ्फरपुर महानगर इकाई ने मंगलवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा कि टीडीसी पार्ट थ्री अंकपत्र निर्गत नहीं होने कारण हजारों छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके कई बार विश्वविद्यालय में आवेदन देने पर भी समाधान नहीं हो पा रहा है। इसे उनकी परेशानी लगातार बढ़ रही है और इसका कोई समाधान भी नहीं हो रहा है। मौके पर महानगर मंत्री अभिनव राज, प्रभात मिश्रा प्रशांत गौतम, अंशुमान उपस्थित थे।

## तीसरी मेरिट लिस्ट से पीजी में होगा नामांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए बुधवार को तीसरी मेधा सूची जारी होगी। इस आधार पर विद्यार्थी आवंटित पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कालेजों में 17 से 20 मार्च तक नामांकन ले सकेंगे। दूसरी मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन को कालेजों और पीजी विभागों की ओर से अपडेट किया गया है। इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। बताया जा रहा है कि करीब दो हजार सीटों पर नामांकन के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। दूसरी ओर पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर अब तक पीजी के विभिन्न कोर्सों में 8369 विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है। दूसरी ओर पीजी के नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं होली के बाद से संचालित की जाएंगी। सत्र 2024 - 26 के तहत पीजी में नामांकन की प्रक्रिया फरवरी से चल रही है।

**आवेदन में त्रुटि की शिकायत लेकर पहुंच रहे छात्र :** पीजी में नामांकन के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के आवेदन में काफी त्रुटियां मिल रही हैं। ऐसे में छात्र आवेदन लेकर विश्वविद्यालय में पहुंच रहे हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 12.03.2025, PAGE-06

### बीआरएबीयू में ग्रेजुएशन व पीजी स्तर पर शुरू होंगे कई कोर्स

# फूड टेक्नोलॉजी में बीटेक और रशियन में पीजी की पढ़ाई होगी

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में युवाओं को नये अवसर उपलब्ध कराने के लिए यूजी व पीजी स्तर पर नये कोर्स संचालित किए जायेंगे.यूजी स्तर पर फूड टेक्नोलॉजी में बीटेक की पढ़ाई शुरू होगी. वहीं, रशियन विषय में पीजी के साथ ही पीएचडी के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया गया है. इनका सिलेबस व ऑर्डिनेंस-रेगुलेशन तैयार करके संबंधित विभागों की ओर से विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है. सात मार्च को स्टैंडिंग स्टेट्यूट्स कमेटी से इसे स्वीकृति मिल गयी है.अब बुधवार को एकेडमिक काउंसिल से स्वीकृत कराकर अगली बैठक में प्रस्ताव लाया जायेगा.

फूड टेक्नोलॉजी कोर्स साइंस स्ट्रीम के अंतर्गत संचालित किया जायेगा. इसको लेकर करीब सालभर से कवायद चल रही है. कुलपति प्रो



दिनेश चंद्र राय बीएचयू में डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर रहे हैं. फूड टेक्नोलॉजी से बीटेक कोर्स संचालित करने से प्लस 2 के बाद छात्रों को अच्छा अवसर उपलब्ध हो सकेगा. साथ ही इसका लाभ किसानों को भी मिलेगा. वहीं, रशियन विभाग में पीजी और पीएचडी शुरू होने से भी छात्रों के लिए सुविधा होगी. अभी रशियन विभाग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स संचालित होते हैं.

### आज होगी एकेडमिक काउंसिल की बैठक

एकेडमिक काउंसिल की बैठक बुधवार को दोपहर में सेंट्रल लाइब्रेरी के सीनेट हाल में बुलायी गयी है. इसकी अधिसूचना कुलसचिव की ओर से जारी कर दी गयी है. साथ ही सभी सदस्यों को भी सूचना भेज दी गयी है. बताया कि वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय ने बैठक की अध्यक्षता के लिए डीन प्रो सतीश राय को अधिकृत किया है. बैठक में न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी से स्वीकृत 38 कॉलेजों के संबंधन का प्रस्ताव भी रखा जायेगा. इसके साथ ही पांच नये विभाग स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी एकेडमिक काउंसिल की भी सहमति ली जायेगी. इसमें भोजपुरी, मैनेजमेंट, लॉ, सोशियोलॉजी और म्यूजिक है. न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी ने इन विभागों के लिए मंजूरी दे दी है. साथ ही विभाग के लिए वैकल्पिक तौर पर भवन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी स्टेट ऑफिसर को दी गयी है.

### आज जारी होगी पीजी नामांकन के लिए तीसरी सूची

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए बुधवार को तीसरी मेधा सूची जारी होगी इस आधार पर विद्यार्थी आवंटित पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कालेजों मे 17 से 20 मार्च तक नामांकन ले सकेंगे. दूसरी मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन को कालेजों और पीजी विभागों की ओर से अपडेट किया गया है इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी बताया जा रहा है कि करीब दो हजार सीटों पर नामांकन के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी. दूसरी ओर पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर अब तक पीजी के विभिन्न कोर्सों मे 8369 विद्यार्थियो ने नामांकन करा लिया है. दूसरी ओर पीजी के नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं होली के बाद से संचालित की जायेगी.